卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 13 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦19 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## किच्छा में चौकीदार की हत्या


### धारदार हथियार से हत्या की आशंका, पुलिस छानबीन में जुटी

किच्छा(उद संवादाता)। कोतवाली क्षेत्र कलकत्ता चौकी चौकी के पास धाधा फॉर्म में पालेज में चौकीदारी करने वाले एक अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या किए जाने से सनसनी फैल गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि किसी जानवर द्वारा हमला किया गया है किंतु मौके पर पहुंचने पर मृतक के मुंह पर किसी धारदार हथियार से हमला किये जाने के निशान पाये जाने से संभावना व्यक्त की जा रही है कि मृतक की हत्या की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय चरण सिंह पुत्र सोहन सिंह धाधा फार्म में अब्दुल समी द्वारा लगाई गई पालेज में चौकीदारी का काम करता था और पास में ही एक झोपड़ी में रहता था। पालेज स्वामी शनिवार सुबह जब अपने पालेज में गया तो चौकीदार को झोपड़ी में न पाकर उसे ढूंढने लगा। झोपड़ी से थोड़ी दूरी पर अब्दुल शमी का चौकीदार चरण सिंह का शव दिखाई दिया। उसने पुलिस को सूचना देते हुए संभावना व्यक्ति की कि शायद किसी जानवर द्वारा चौकीदार पर हमला किया गया है । अब्दुल शमी की सूचना पर (शेष पृष्ठ सात पर)



## नानकमत्ता में फिर दिखा तेंदुआ,दहशत में ग्रामीण

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। तराई पूर्वी वन विभाग के रंसाली रेंज में बालक को मौत के घाट उतारने वाला तेंदुआ आबादी क्षेत्र में दिखने से ग्राम भूड़ और विचई के ग्रामीण पूरी रात दहशत में हैं। आबादी के पास घूमते हुए तेंदूए को कार सवार ने कैमरे में कैद कर लिया। वीडियो में तेंदुआ साफ दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि घटनास्थल 300 मीटर दूरी पर ग्राम विचई के रास्ते पर तेंदुआ घूमता हुआ दिखाई दिया, जिसे रास्ते से निकल रहे एक कार चालक ने अपने कैमरे में कैद कर वीडियो बना ली। वीडियो में तेंदुआ काफी बड़ा दिखाई दे रहा है। ग्राम विचवा भूड़ में घर के आंगन में खेल रहे गुरप्रीत सिंह को तेंदुआ हमला कर उठाकर गन्ने के खेत में ले गया था। तेंदुए के हमले से बालक की मौत हो गई थी, घटना के दूसरे दिन शुक्रवार की रात करीब 9 बजे (शेष पृष्ठ सात पर)



## पोस्टमार्टम हाउस में अवैध वसूली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर से आए शिष्ट मंडल ने गदरपुर के कांग्रेस नेता राजेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में सीएमओ को ज्ञापन सौंप कर पोस्टमार्टम हाउस में एक व्यक्ति द्वारा अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। पीड़ित राम अवतार चंद्रा पुत्र होरामचंद्रा निवासी करतारपुर गदरपुर ने बताया कि विनीत पुत्र रामअवतार चन्द्रा निवासी करतारपुर वार्ड 9 गदरपुर को 14 अक्तूबर को दुर्घटना होने पर इलाज हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां विनीत को मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम हाउस में जहां उक्त मृत बच्चे की बाडी फ्रिज में रखने हेतु 500 रुपए लिये (शेष पृष्ठ सात पर)



## लूट और चोरी की योजना बनाते तीन शातिर बदमाश दबोचे

### तमंचा कारतूस, चाकू और 18 हजार की नगदी समेत दो मोटरसाइकिलें बरामद

काशीपुर। मंडी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर एक बंद पड़ी फैक्ट्री के खंडहर में चोरी की योजना बना रहे तीन शातिर किस्म के बदमाशों को दबोचकर उनके कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस चाकू व 18 हजार रूपयों की नगदी बरामद करने में सफलता पाई। पुलिस की कड़ी पूछताछ में तीनों ने पिछले दिनों पवार रिजॉर्ट के समीप महिला से पर्स लूटने तथा एक घर में चोरी जैसी सनसनी खेज वारदात को अंजाम देने की घटना को कबूल किया। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार बदमाशों को पुलिस द्वारा जेल रवाना कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि मंडी चौकी प्रभारी (शेष पृष्ठ 7 पर)



### आर 15 पर सवार होकर देते थे वारदात अंजाम

काशीपुर। मंडी चौकी प्रभारी मनोहर चंद्र ने बताया कि पकड़े गए तीनों के खिलाफ काशीपुर कोतवाली में चोरी का मुकदमा दर्ज है। तीनों की कब्जे से दो मोटरसाइकिल में बरामद हुई है। बरामद स्प्लेंडर मोटरसाइकिल काशीपुर क्षेत्र से चुराई गई है जबकि एक अन्य आर 15 बाइक पर सवार होकर वह वारदात अंजाम देते थे।

## निदेशक ने लिया सैटेलाइट एम्स के निर्माण कार्यों का जायजा

किच्छा(उद संवाददाता)। ऋषिकेश सैटेलाइट एम्स की निदेशक मीनू सिंह ने किच्छा के खुरपिया क्षेत्र में बन रहे ऋषिकेश सैटेलाइट एम्स के निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित भी किया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण भी किया। यहां ऋषिकेश सैटेलाइट एम्स द्वारा निर्माणाधीन क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों एवं क्षेत्र के आसपास के लोगों के लिए लगाए गए चिकित्सा जांच शिविर में शिरकत करने आई निदेशक मीनू सिंह ने निरीक्षण के दौरान कहा कि किच्छा में बन रहे एम्स से संपूर्ण उत्तराखंड के उन लोगों को लाभ मिलेगा जिन्हें उच्च चिकित्सा हेतु राज्य से बाहर जाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एम्स जैसे अस्पतालों की भारत को अति आवश्यकता है। बदलते परिवेश के साथ-साथ बीमारियों के लक्षण भी बदल रहे हैं तथा उनके इलाज की प्रक्रिया में भी बदलाव आ रहा है जिस वजह से एम्स जैसे बड़े अस्पतालों की आवश्यकता पड़ रही है। जहां पर अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से बीमारियों का अतिशीघ्र पता लगाकर निर्यंत्रित करते हुए मानव के जीवन को बचाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि 100 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में बन रहे इस ऋषिकेश सैटेलाइट एम्स का भव्य रूप जब बनकर तैयार होगा तथा यहां पर अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी तो यह देश का एक महत्वपूर्ण एम्स बनकर उभरेगा। मीनू सिंह ने वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पपनेजा के साथ पौधरोपण भी किया। इस दौरान पपनेजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 7 पर)



## बीस साल से फरार बैंक डकैती का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। एसटीएफ ने 20 साल से फरार एक कुख्यात इनामी डकैत को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया है। यह डकैत हरिद्वार के इलाहाबाद बैंक में 2004 में हुए डकैती कांड का प्रमुख आरोपी था, जिस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। एसटीएफ की टीम ने अत्याधुनिक तकनीक और मैनुअल पुलिसिंग के संयोजन से यह बड़ी सफलता हासिल की है। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि 2004 में हरिद्वार स्थित इलाहाबाद बैंक में दिनदहाड़े डकैती की वारदात के बाद से (शेष पृष्ठ सात पर)



## 31अक्टूबर को मनाई जाएगी दीपावली

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हिंदुओं के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक दिवाली इस बार 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। दिवाली की तिथि को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति है। कोई 31 अक्टूबर को तो कोई एक 1 नवम्बर को दिवाली मनाये जाने का दावा कर रहा है। लेकिन ज्योषाचार्यों ने दिवाली की तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की है। श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष एडवोकेट महेश बब्बर ने ज्योतिषाचार्यों से चर्चा के बाद बताया कि दिवाली कार्तिक महीने की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है, जो इस बार 31 अक्टूबर को दोपहर 3:52 बजे शुरू होगी। और 1 नवंबर, 2024 को शाम 6:16 बजे समाप्त होगी। 31 अक्टूबर को दिवाली मनाना अधिक उपयुक्त है क्योंकि अमावस्या तिथि पूरे प्रदोष काल (सूर्यास्त के बाद दो घंटे और 24 मिनट) को कवर करती है और पूरी रात तक चलती है, जिससे यह लक्ष्मी पूजा के लिए आदर्श है। इसके अलावा, इस दिन अनुष्ठान के लिए वृषभ और सिंह लग्न का समय उपलब्ध होगा। महेश बब्बर ने कहा कि किसी भ्रम में ना पड़कर 31 अक्टूबर को ही दिवाली मनायें। उन्होंने सभी से इसी दिन दिवाली मनाने की अपील की है।

## विरोध के बाद जागा विद्युत विभाग,निर्णय वापस

### करवाचौथ के दिन अब नहीं होगी विद्युत कटौती, अधिकारियों ने किया आश्वस्त

रुद्रपुर। करवाचौथ वाले दिन विद्युत आपूर्ति भंग करने के फैसले को विद्युत विभाग ने व्यापारियों के विरोध और विधायक शिव अरोरा की आपत्ति के बाद वापस ले लिया है। अब करवाचौथ वाले दिन विद्युत आपूर्ति सुचारू रहेगी। बता दें बिजली महकमा अमूमन हर दीपावली पर शहर में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, दीपोत्सव के कुछ दिनों पूर्व आवश्यक मेंटेनेंस की कार्यवाही करता है इसके लिए बिजली की कटौती भी की जाती है। लेकिन इस दीपावली के पहले बिजली महकमे ने अनुरक्षण कार्य के प्रयोजन से दिनभर की बिजली कटौती के लिए जो तारीख चुनी है, उसने सभी को चौंका दिया। वह इसलिए, क्योंकि बिजली विभाग द्वारा आवश्यक अनुरक्षण कार्य के लिए बिजली कटौती के लिए निर्धारित दो तिथियों में से एक दिन अर्थात 20 अक्टूबर ,को करवा चौथ का त्यौहार है। बताने की जरूरत नहीं कि करवा चौथ के दिन सभी सुहागन अपने पति की लंबी उम्र के लिए दिन भर का निर्जला व्रत रखती हैं और रात्रि के प्रथम पहर में चंद्र दर्शन के उपरांत ही वे निर्जला व्रत का परायण करती हैं। करवा चौथ का त्योहार सुहागिनों के लिए एक विशिष्ट पर्व है और इस पर्व के कुछ विशेष दस्तूर भी होते हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए महिलाएं दिनभर भूखी प्यासी रहकर पूजा के लिए प्रसाद एवं पूजन सामग्री आदि तैयार करती हैं और इस कार्य के लिए विद्युत चलित घरेलू उपकरणों का उपयोग अपरिहार्य होता है ,साथ ही इस समय मौसम ऐसा नहीं है कि दिन में पंखे और एयर कंडीशनर के उपयोग की आवश्यकता ना (शेष पृष्ठ सात पर)



## यूसीसी एक्ट की नियमावली का ड्राफ्ट सौंपा, पोर्टल और मोबाईल एप भी तैयार

# 26 मार्च 2010 के बाद विवाह का पंजीकरण अनिवार्य

## आजादी के बाद उत्तराखंड को यूसीसी लागू करने का गौरव जल्द प्राप्त होगा : धामी




देहरादून(उद संवाददाता)। समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधि नियम के राज्य में क्रियान्वयन के लिए सेवानिवृत्त आई.ए.एस. श्री शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में बनाई गई 'नियमावली और क्रियान्वयन समिति' ने आज सचिवालय में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को नियमावली का ड्राफ्ट सौंपा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आई.ए.एस.श्री शत्रुघ्न सिंह, सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता श्री मनु गौड़, दून विश्व विद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, अपर पुलिस महानिदेशक श्री अमित सिन्हा और स्थानिक आयुक्त श्री अजय मिश्रा मौजूद रहे। समिति द्वारा समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधिनियम की नियमावली का ड्राफ्ट सौंपे जाने के बाद मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद हमने मंत्री मण्डल की पहली बैठक में निर्णय लिया कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देशाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति बनाई गई। कमेटी के रिपोर्ट सौंपने के बाद 07 फरवरी, 2024 को राज्य विधान सभा में पारित किया गया। उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पर महामहिम राष्ट्रपति की सहमति के बाद 12 मार्च, 2024 को समान नागरिक संहिता उत्तराखण्ड, 2024 अधिनियम पारित हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आज समान नागरिक संहिता अधिनियम की नियमावली सौंपी गई है। इस नियमावली में मुख्य रूप से चार भाग है। जिसमें विवाह एवं विवाह-विच्छेद लिव-इन रिलेशनशिप, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण तथा उत्तराधिकार सम्बन्धी नियमों के पंजीकरण सम्बन्धी प्रक्रियाएं उल्लिखित है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मंत्रीमण्डल की बैठक में इस अधिनियम को राज्य में प्रभावी रूप से लागू करने की तिथि तय की जायेगी। इसके लिए अधि कारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत इस समान नागरिक संहिता के लिए एक पोर्टल तथा मोबाइल एप भी तैयार किया गया है, जिससे कि पंजीकरण, अपील आदि की समस्त सुविधाएं जन सामान्य को ऑनलाइन माध्यम से सुलभ हो सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विधेयक बना है। जल्द इस अधिनियम को धरातल पर उतारा जायेगा। आजादी के बाद उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य बन जायेगा जिसे समान नागरिक संहिता लागू करने का गौरव प्राप्त होगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद श्री विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर.के सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगौली, श्री विनय शंकर पाण्डेय, विशेष सचिव श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी उपस्थित रहे।

## संपत्ति में बेटा और बेटी को बराबर अधिकार

देहरादून। समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधिनियम की नियमावली में मुख्य रूप से चार भाग हैं। जिसमें विवाह एवं विवाह-विच्छेद लिव-इन रिलेशनशिप, जन्म एवं मृत्य पंजीकरण तथा उत्तराधिकार संबंधी नियमों के पंजीकरण संबंधी प्रक्रियाएं हैं। जन सामान्य की सुलभता को देखते हुए यूसीसी के लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी तैयार की गई है, इसमें पंजीकरण और अपील आदि की समस्त सुविधाएं जन सामान्य को ऑनलाईन माध्यम से सुलभ हो सके। यूसीसी लागू होने के बाद सभी धर्म-समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक ही कानून। 26 मार्च 2010 के बाद से हर दंपती के लिए तलाक व शादी का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, महानगर पालिका स्तर पर पंजीकरण की सुविधा। पंजीकरण न कराने पर अधिकतम 25,000 रुपये का जुर्माना। पंजीकरण नहीं कराने वाले सरकारी सुविधाओं के लाभ से भी वंचित रहेंगे। विवाह के लिए लड़के की न्यूनतम आयु 21 और लड़की की 18 वर्ष होगी।



महिलाएं भी पुरुषों के समान कारणों और अधिकारों को तलाक का आधार बना सकती हैं। हलाला और इद्दत जैसी प्रथा खत्म होगी। महिला का दोबारा विवाह करने की किसी भी तरह की शर्तों पर रोक होगी। कोई बिना सहमति के धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे व्यक्ति को उस व्यक्ति से तलाक लेने व गुजारा भत्ता लेने का अधिकार होगा। एक पति और पत्नी के जीवित होने पर दूसरा विवाह करना पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा। पति-पत्नी के तलाक या घरेलू झगड़े के समय पांच वर्ष तक के बच्चे की कस्टडी उसकी माता के पास रहेगी। संपत्ति में बेटा और बेटी को बराबर अधिकार होंगे। जायज और नाजायज बच्चों में कोई भेद नहीं होगा। नाजायज बच्चों को भी उस दंपती की जैविक संतान माना जाएगा। गोद लिए, सरगोसी से असिस्टेड री प्रोडेक्टिव टेक्नोलॉजी से जन्मे बच्चे जैविक संतान होंगे। किसी महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे के संपत्ति में अधिकार संरक्षित रहेंगे। कोई व्यक्ति किसी भी व्यक्ति को वसीयत से अपनी संपत्ति दे सकता है। लिव इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए वेब पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। युगल पंजीकरण रसीद से ही किराया पर घर, हॉस्टल या पीजी ले सकेंगे। लिव इन में पैदा होने वाले बच्चों को जायज संतान माना जाएगा और जैविक संतान के सभी अधिकार मिलेंगे।लिव इन में रहने वालों के लिए संबंध विच्छेद का भी पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। अनिवार्य पंजीकरण न कराने पर छह माह के कारावास या 25 हजार जुर्माना या दोनों का प्रावधान होंगे।

## उत्तराखंड में नौ नवंबर 2024 को लागू हो सकता है यूसीसी

देहरादून। आखिरकार उत्तराखंड में अब जल्द ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने जा रहा है। शुक्रवार(18 अक्तूबर) को विशेषज्ञ समिति ने यूसीसी नियमावली का ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया है। सीएम धामी ने कहा कि सभी को समान न्याय और समान अवसर मिले इसके लिए यूसीसी लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाल ही में घोषणा की थी कि सरकार नौ नवंबर को उत्तराखंड स्थापना दिवस पर यूसीसी लागू करना चाहती है। ऐसे में अब समीति के फाईनल नियमावली का ड्राफ्ट सौंपने के बाद पूरी उम्मीद जताई जा रही है कि यूसीसी उत्तराखंड में नौ नवंबर को लागू हो जाएगा। 12 फरवरी 2022 को विस चुनाव के दौरान सीएम धामी ने यूसीसी की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में यूसीसी लाए जाने पर फैसला लिया गया। मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति बनी। समिति ने 20 लाख सुझाव ऑफलाइन और ऑनलाइन प्राप्त किए। 2.50 लाख लोगों से समिति ने सीधा संवाद किया। 02 फरवरी 2024 को विशेषज्ञ समिति ने ड्राफ्ट रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी।06 फरवरी को विधानसभा में यूसीसी विधेयक पेश हुआ। 07 फरवरी को विधेयक विधानसभा से पारित हुआ। राजभवन ने विधेयक को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति को भेजा। 11 मार्च को राष्ट्रपति ने यूसीसी विधेयक को अपनी मंजूरी दी। यूसीसी कानून के नियम बनाने के लिए एक समिति का गठन। नियमावली एवं क्रियान्वयन समिति ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों संस्करणों में 18 अक्तूबर 2024 को राज्य सरकार को नियमावली सौंपी।

# देहरादून में आयोजित सरस मेले का सीएम ने किया शुभारंभ

## स्थानीय उत्पादों के लिए प्रत्येक जिले में आउटलेट्स खोले जायेंगे: धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेंजर्स ग्राउंड देहरादून में आयोजित सरस मेला 2024 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर के स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महिलाओं से वार्ता कर उनके उत्पादों के बारे में जानकारी ली तथा महिलाओं द्वारा निर्मित मंडुवे के बने केक की सराहना की। उन्होंने स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित दीए की खरीददारी कर ऑनलाइन माध्यम से पेमेंट भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरस मेले में महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद मातृशक्ति के परिश्रम, नवाचार के प्रतीक हैं। अपने परिश्रम और स्थानीय उत्पादों के माध्यम से महिलाएं आजीविका चलाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरस मेला हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा, कौशल और उद्यमिता को प्रदर्शित करने का भी प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रध ानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा हमारे स्थानीय उत्पादों को सशक्त बनाने के लिए वोकल फॉर लोकल अभियान प्रारंभ किया गया था। यह मेला भी इस अभियान को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि आजीविका मेले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को भी साकार करने में सिद्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत राज्य की एक लाख से अधिक महिलाओं ने लखपति बनने का गौरव प्राप्त किया है। हमारा संकल्प वर्ष 2025 तक 1.5 लाख लखपति दीदी बनाने का है। कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण समय में भी सरकार ने मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह योजना के अंतर्गत 84 करोड़ से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान कर महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने का प्रयास किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 30 हजार से अधि क समूहों को ब्याज प्रतिपूर्ति के रूप में 24 करोड़ की छूट भी दी गई। 159 महिला सीएलएफ को लगभग 8 करोड़ का एकमुश्त अनुदान प्रदान किया गया। 43 हजार सक्रिय समूहों के स्वावलंबन हेतु 51 करोड़ से अधिक की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान स्त्री शक्ति स्वयं सहायता समूह से स्वाति नेगी ने बताया कि उन्होंने 2019 में ग्रोथ सेंटर के माध्यम से ट्रेनिंग लेकर 20 महिलाओं के साथ दीपावली में काम आने वाली सजावटी मालाएं बनाने का कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया राज्य सरकार द्वारा सचिवालय से लेकर ग्राम स्तर हर जगह उनके स्टॉल लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया समूह की प्रत्येक महिला महीने में 10 से 12 हजार की आय अर्जित कर रही हैं। कार्यक्रम में लखपति दीदी फरजाना खान ने मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर आउटलेट्स खोले जाने का अनुरोध किया। जिसके उपरांत मुख्यमंत्री ने आयुक्त ग्राम्य विकास श्री धीराज गर्ब्याल को प्रत्येक जिले के हर संभव स्थान पर आउटलेट्स खोले जाने हेतु परीक्षण करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी बहनों को वचन देता हूं कि उनकी हर संभव मदद की जायेगी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, विध ायक श्री खजान दास, विधायक श्री उमेश शर्मा काऊ, श्री विश्वास डाबर, श्री जोत सिंह बिष्ट, आयुक्त ग्राम्य विकास श्री ध ीराज गर्ब्याल, जिला अधिकारी देहरादून सविन बंसल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।






# अवैध इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## पुलिस ने फ्लाइट बुकिंग के नाम पर ठगने वाले तीन लोगों को किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। अमेरिका और कनाडा के लोगों से ठगी के लिए इस्तेमाल हो रहे अवैध कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया जबकि 47 कर्मचारियों को नोटिस दिए गए हैं। मौके से 48 मॉनिटर, सीपीयू आदि बरामद हुए हैं। आरोपी विदेशी लोगों से फ्लाइट बुक कराने के नाम पर ठगी करते थे। इनके खातों में लाखों डॉलर का लेनदेन भी मिला है। कॉल सेंटर का मालिक दिल्ली में रहता है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास भी कर रही है। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने इस मामले में पत्रकार वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैनाल रोड पर बचत स्टोर बिल्डिंग के तृतीय तल पर एक अवैध इंटरनेशनल कॉल सेंटर संचालित होने की सूचना मिली थी। बताया गया था कि यहां से विदेशी लोगों को अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट बुक करने के नाम से ठगी की जा रही है। इस पर एसएसपी अजय सिंह ने एसओ राजपुर पीडी भट्ट के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया। मौके पर पहुंचे तो यहां पर पीसीएम वर्ल्डवाइड फ्लाइट लिमिटेड पर दबिश दी गई। यहां पर 65 केबिन बने हुए थे। इनमें युवक और युवतियां लोगों को कॉल कर उनके डेबिट व क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर रहे थे। मौके से पुलिस ने विकास उर्फ फिलिप, मोहम्मद मोनिश उर्फ जॉन और मन्नू यादव उर्फ रॉब को हिरासत में लिया। इनसे मिली जानकारी के आधार



पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया।एसपी सिटी ने बताया कि मुख्य आरोपी विकास उर्फ फिलिप ने बताया कि वह कॉल सेंटर का मैनेजर है। कॉल सेंटर से अमेरिका और कनाडा के लोगों को कॉल किया जाता है। वे सब खुद को पीसीएम वर्ल्डवाइड फ्लाइट लिमिटेड एजेंसी का अधिकारी बताते हैं। अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट बुकिंग करने के नाम पर उनके क्रेडिट व डेबिट और वीजा कार्ड की जानकारी ली जाती है। वे कुछ शहरों की फ्लाइट बुक करते हैं। जबकि, बाकी ज्यादातर लोगों से पैसे लेकर फ्लाइट बुक नहीं करते हैं। इस तरह से अपने विदेशी ग्राहकों से वह लाखों रुपये की धोखाधड़ी करते हैं। आरोपी शातिर किस्म के हैं। वे अपने अंग्रेजी नाम बताकर लोगों से बात करते हैं। ताकि उन पर कोई शक न करे। इसके साथ ही वह अपना आईपी एड्रेस भी बदल लेते हैं। ताकि, उन्हें कोई बदल न सके। उनके कंप्यूटर में लेनदेन डॉलर के माध्यम से होता है और अन्य कंप्यूटर में आरोपी कॉल सिस्टम सॉफ्टवेयर से ऑपरेट करते हैं। आरोपियों की कंपनी पीसीएस वर्ल्ड वाइड फ्लाइट लिमिटेड के रजिस्ट्रेशन के कागजात मांगे गए तो वह रजिस्ट्रेशन से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाए। गूगल में सर्च करने पर पता चला कि कंपनी को बंद कर दिया गया है। इस आधार पर विकास उर्फ फिलिप निवासी सेक्टर 16, पंचकुला, हरियाणा, मोहम्मद मोनिश उर्फ जॉन निवासी नज्जू सराय, अफजलगढ़, बिजनौर और मन्नू यादव उर्फ रॉब निवासी गांव चौकीपुरा, फरह, मथुरा को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# अल्मोड़ा में टू व्हीलर टैक्सी को मिली हरी झंडी

हल्द्वानी/अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। शुक्रवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में आर टी ए, अल्मोड़ा की बैठक हुई जिसमें अल्मोड़ा सिटी में कलेक्ट्रेट तक बस सेवा, बसों में ई टिकटिंग, व्यवसायिक दो पहिया वाहनों के परमिट, 27 नवनिर्मित मोटर मार्ग पर वाहनों के संचालन सहित अन्य प्रस्ताव पर अनुमति दी गई। आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि अल्मोड़ा शहर का घनत्व काफी बढ़ गया है। पहाड़ का भौगोलिक परिवेश इस प्रकार है कि सभी मार्गों पर बड़े वाहनों की आवाजाही नहीं हो सकती। ऐसे में व्यवसायिक टू व्हीलर टैक्सी के लिए ठेका परमिट की अनुमति सचिव आरटीए को दी गई है जो कि काफी हद तक लाभकारी होगा। साथ ही अब कलेक्ट्रेट में आम जन अपने कार्यों के लिए आसनी से आवाजाही कर सकेंगे, इसके लिए बैठक में विधिवत सिटी बस संचालन की अनुमति दी गई। सदस्यों ने सुझाव दिया की बस सेवा को धारानौला तक चलाया जाए जिसके संबंध में समिति को सर्वे कर अग्रिम बैठक में प्रस्ताव रखने को कहा। आयुक्त ने कहा कि अल्मोड़ा संभाग में ई टिकटिंग व्यवस्था चालू होने से सुशासन बढ़ेगा,



पारदर्शिता भी आएगी। वही, किसी कारणवश दुर्घटना होने पर उपभोक्ता को इंश्योरेंस का क्लेम भी मिल पाएगा। बैठक में अल्मोड़ा की 04, बागेश्वर की 04 और पिथौरागढ़ की 19 नवनिर्मित मार्गों को आरटीए से अनुमति मिली है। अब इन सभी मार्गों पर वाहनों का संचालन हो पाएगा। आयुक्त ने कहा कि के एम ओ यू की बसों के प्रबंधन को लेकर काफी शिकायतें मिलती रहती है जिसमें यह मामला काफी संज्ञान में आया है कि कई चालक एक ही रूट पर चलते है जबकि सभी को रोस्टर के अनुसार समान अवसर मिलने चाहिए। इसके लिए आयुक्त ने के एम ओ यू को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। और सभी बसों का रोस्टर बनाकर उसी अनुसार संचालित करने के निर्देश दिए जिससे सभी को समान अवसर मिल सके। अल्मोड़ा संभाग की जागसूरा ;भेटली मार्ग, चनाथल से पाखूडा ग्रामीण मोटर मार्ग, खैरना रानीखेत मोटर मार्ग, मंगचौरा मोटर मार्ग है। बागेश्वर में मुनार से गासी मोटर मार्ग, बनलेख होरोली धामीगांव किडई मोटरमार्ग, बागेश्वर कपकोट श्याम तेजम किरौली मोटरमार्ग, बागेश्वर कप कोर्ट शाम तेजम पनियाली मोटर मार्ग है। पिथौरागढ़ में डाडाघार पापड़ी, चोनाल बुरासम बाड़ी डमडे, कालेश्वर झुलाघाट, बडारी कोटबोरा सहित अन्य मार्ग शामिल है। बैठक में सचिव अनीता चंद, सदस्य नवीन सिंह, चंदन बहुगुणा सहित अन्य मौजूद रहे।

# चाकू के साथ नशेड़ी गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता) । रम्पुरा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान आपराधिक वादात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक नशेड़ी युवक को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि नवीन बुधानी साथी पुलिस कर्मियों अउनि नवीन जोशी, कानि. अमित जोशी के साथ क्षेत्र में गश्त करते हुए भूतबंग्ला तिराहे पर पहुँचे तो मुखबिर की सूचना पर पुराने कूडे के ढेर से पहले पहुंचे जहां एक व्यक्ति सडक खड़ा मिला। पुलिस को देखकर उसने भागने की कोशिश



की तो पुलिस टीम ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता दीपक पासवान पुत्र ज्वाला पासवान निवासी वार्ड 17 खेडा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। उसने बताया कि वह स्मैक का नशा करता है। पैसे की किल्लत व छोटे मोटे खर्चे को पूरा करने के लिये चोरी चकारी करता है। लोगो को डराने के लिये चाकू अपने पास रखता है। पुलिस ने चाकू कब्जे में लेकर दीपक को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# पंडित नारायण दत्त तिवारी को याद किया

शांतिपुरी (उद संवाददाता)। नंबर दो पंचायत घर में स्वर्गीय नारायण तिवारी की 125वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रदेश प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ने कहा कि तिवारी जी ने उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड ही नहीं देश में अनेक उद्योग लगाए हैं, जिसका लाभ देश की जनता जनता ले रही है । उत्तराखंड राज्य का सौभाग्य है कि एक गरीब परिवार से पले राजनीति के उच्च शिखर में पहुंचने वाले स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी जी ने जो छाप छोड़ी है ,भविष्य में यह होना असंभव है । आज राजनीति बहुत दूषित हो चुकी है। पैसे का बोलबाला व क्रिमिनल लोगों का राजनीति में प्रवेश शुभ संकेत नहीं है । पहले पढ़े लिखे , अच्छी छवि के लोग देश की सेवार्थ आते थे । पूरे देश की जनता उनका सम्मान करती थी। पूर्व जिला अध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट ने कहा कि तिवारी जी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र संघ अध्यक्ष रहने के साथ-साथ लॉ व राजनीतिक शास्त्र से एम ए गोल्ड मेडल



प्राप्त कर शिक्षा ली। एडवोकेट राजेंद्र शर्मा ने कहा एनडी तिवारी का कनेक्शन हमेशा शांतिपुरी से रहा है, उन्हेंने ही शांतिपुरी बसायी। तभी लोग पहाड़ों से शांतिपुरी आए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा ने कहा कि आज इतना बढ़िया हर क्षेत्र में यहां के लोग कार्य कर रहे हैं । इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक के सूबेदार मेजर कैप्टन देवी दत्त उपाध्याय, पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा, प्रेम आर्य ,महिपाल सिंह बोरा, दीपक तिवारी ,गिरीश चंद्र पाठक , प्रकाश बोरा सभा का संचालन बिशन सिंह कोरंगा ने किया जिसमें दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# ऑनलाइन गेमिंग एप से किया फर्जीवाड़ा

हल्द्वानी। नकली नोट चलाने वाले गिरोह के सरगना शिवम वर्मा के बैंक खाते का इस्तेमाल ऑनलाइन गेमिंग से जुटाए जा रही रकम को क्रिप्टो करेंसी मे बदलने के लिए किया जा रहा था। इस खेल में शामिल तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अब इस पूरे मामले में पकड़े गए आरोपियों की संख्या 11 पहुंच गई है। लालकुआं निवासी सराफ शिवम वर्मा को बीती नौ अक्टूबर को नौ हजार रुपये के जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया था। बाद में छह और लोगों को 3,46,500 रुपये से अधिक के जाली नोटों के साथ पकड़ा गया। इसके बाद एक अन्य युवक को भी जाली नोट के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने जब शिवम के करंट अकाउंट की जांच की तो पता चला कि शिवम के अकाउंट की लिमिट दो करोड़ रुपये है। इस खाते में प्रत्येक महीने करीब एक करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन होता है। रकम आने के दो-तीन दिन के भीतर ही निकाल लिया जाता था। संदिग्ध लेन-देन के कारण भारत सरकार की एजेंसी ने शिवम का अकाउंट ब्लॉक कर दिया था। बैंक अधिकारियों ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी। बैंक प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पता लगा कि नाम पता छिपाकर इस खाते को ऑनलाइन गेमिंग एप बाइनेंस और इंस्टाग्राम ग्रुप 99 ईसीएच के जरिये पैसा का निवेश कराया जा रहा है। इसके लिए लोगों को टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा जाता और फिर रुपयों को क्रिप्टो कैरेंसी में इंवेस्ट कराया जाता। शिवम के खाते की और जांच की गई तो बरेली के भोजीपुरा के गांव रम्पुरा माफी निवासी रेहान व शाकिर खान और राजस्थान के संदीप पंवार के नाम सामने आए। तीनों अपनी पहचान छिपाकर शिवम के खाते से ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए पैसा डालते थे। इसके बाद उस रकम को क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से वापस लेते थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोगों से कमीशन के आधार पर जीएसटी खातों का विवरण लेते हैं और अपना नाम पता छिपाकर उक्त खातों को ऑनलाइन गेमिंग एप, 99 ईसीएच टेलीग्राम ग्रुप बनाकर लगाते हैं। उनसे जो पैसा आता है वह इन खातो में लेते हैं और रुपयों को क्रिप्टो करेंसी में इंवेस्ट कराते हैं। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि तीनों आरोपियों को 35(3) बीएनएस का नोटिस तामिल कराया गया है। मामले की जांच जारी है। कई आरोपियों की और गिरफ्तारी हो सकती है।




# मायके रवाना हुई महिला लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पति द्वारा रोडवेज बस से पत्नी को मायके रवाना करने के बाद वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। न तो वह मायके पहुंची और न ही घर वापस लौट कर आई। पति ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है।जसवीर पुत्र मेवा राम निवासी जनपथ रोड फुलसुंगा, ट्रांजिट कैंप ने बताया की उसकी शादी नेपाल निवासी संगीता से हुई थी। वह सिडकुल में मेहनत मजदूरी करता है। उसने अपने दो बच्चों को कुछ दिन पूर्व ही अपनी नानी के घर छोड़ दिया था। 14 अक्तूबर को उसने अपनी पत्नी संगीता को सुबह 6 बजे यहाँ से नेपाल अपने मायके जाने के लिए भेजा था और खुद पत्नी संगीता को खटीमा जाने वाली बस में रोडवेज से बैठा कर आया था। लेकिन पत्नी संगीता अभी अपने मायके नहीं पहुंची। उसने संगीता के बारे में अपने सभी परिचितों से पूछा लेकिन संगीता का कोई पता नहीं चल सका






# अग्रवाल महिला समिति के करवा चौथ महोत्सव में मचा धमाल

## करवा स्पेशल डांस में थिरकीं महिलाएं, नव बहुओं को किया सम्मानित, स्टालों पर जमकर हुई खरीददारी





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल महिला समिति द्वारा सुहाग का प्रतीक करवा चौथ महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कई आकर्षक कार्यक्रमो में हल्द्वानी की नूपुर नृत्य टीम के साथ ही गीत संगीत की धुनों पर महिलाओं ने करवा चौथ स्पेशल डांस कर खूब धमाल मचाया। महोत्सव में समाज की जिन नव बहुओं का पहला करवा चौथ है उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही इस मौके पर लगाए गए विभिन्न वस्तुओं के स्टालों पर लोगों ने खूब खरीददारी भी की। इससे पूर्व करवा चौथ महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती ऊषा गर्ग, अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती सावित्री रुंगटा, कार्यक्रम अध्यक्ष रश्मि जिंदल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग, कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया आदि पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया। सर्व प्रथम आकर्षक वेशभूषा में समाज की महिलाओं ने गणेश वंदना की। जिसके पश्चात नूपुर नृत्य, हल्द्वानी की टीम द्वारा गीत संगीत का ऐसा वातावरण बनाया की उपस्थित सभी महिलाएं संगीत की धुन में झूमने लगी। टीम ने ऑडियंस के साथ डांडिया नृत्य आदि कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। सुंदर परिधानों से सजी महिलाओं द्वारा किया गया डांडिया डांस समारोह का प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना रहा। समिति द्वारा डांस में भाग लेने वाली सभी बहनों को पुरस्कृत किया गया। महोत्सव में अनेकों स्टॉल भी लगाए गए थे जहां दीपावली उपहार, ठाकुर जी की पोशाक और श्रृंगार सामग्री, कुर्तियां, ज्वेलरी एवं अन्य आकर्षक आईटम विक्रय के लिए उपलब्ध थे। इन स्टालों पर लोगों ने जहां



खूब खरीददारी की वहीं विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का मजा भी लिया। समिति की अध्यक्षा सुषमा अग्रवाल तथा महामंत्री प्रिया गर्ग ने महोत्सव में आए सभी गणमान्य अतिथियों, सहयोगियों व सभी माता बहनों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अग्रवाल महिला समिति पिछले कई वर्षों से विभिन्न पर्वों पर कार्यक्रम आयोजित करने के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भी हमेशा अग्रणीय भूमिका निभाती रही है और यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने सभी सुहागिनों को सुहाग के दीर्घायु और सुखी दाम्पत्य जीवन का आर्शीवाद दिया। अंत में लक्की ड्रा का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को प्रथम पुरस्कार माइक्रोवेव, द्वितीय जूसर मिक्सर, तृतीय 20 ग्राम चांदी का सिक्का और दस सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए। महामंत्री प्रिया गर्ग ने बेहतरीन मंच संचालन कर सभी को अपनी आवाज के जादू और बोलने के अंदाज से खास प्रभावित किया। सभी अतिथियों के लिए भोजन व्यवस्था की गई। इस दौरान अग्रवाल सभा के सरपरस्त ताराचंद अग्रवाल, अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, महामंत्री अमित जैन, कोषाध्यक्ष रणवीर गुप्ता, युवा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल, महामंत्री अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकुल मित्तल, उमा गर्ग, शारदा रुंगटा, रश्मि जिंदल, नीतू रुंगटा, मधु रुंगटा, ऊषा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, गीता श्यामपुरिया, रचना झुनझुनवाला, बबीता मित्तल, अनुराधा जैन, राधा अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, अंजू बंसल, प्रियंका अग्रवाल, नीतू गोयल, सोनम बंसल, आकाक्षी अग्रवाल, मीनाक्षी गर्ग, शशि बंसल, मोनिका बंसल, नेहा बंसल, नेहा मित्तल, दीप्ति अग्रवाल, कनिका अग्रवाल, अंकिता जैन, प्रियंका मित्तल, शारदा अग्रवाल, आशा खंडेलवाल, रचना जिंदल, मंजू जैन, अरुण जैन, दुर्गा देवी, अंकित बिंदल, पूनम बिंदल, सीमा बिंदल, स्वीटी बिंदल, आस्था अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, शिखा, सीमा अग्रवाल, कुसुम जैन, राजकुमारी तुलसियान, सीमा गोयल, इंदु अग्रवाल, सपना मित्तल, आशा गोयल, रीना गोयल आदि मौजूद थे।

# लालकुआं से मुंबई के लिए नई ट्रेन सेवा का मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

नैनीताल(उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री को नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने बताया कि आगामी 21 अक्टूबर को प्रात: 7:45 पर लालकुआं से मुंबई के लिए शुरू होने वाली नई ट्रेन सेवा को मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सांसद श्री भट्ट ने बताया कि कुमाऊं वासियों के लिए नई ट्रेन की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आशीर्वाद व केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रयास के बाद कुमाऊं मंडल से मुंबई के लिए एक और नई ट्रेन सेवा संचालित हो रही है । श्री भट्ट ने



बताया कि उनकी दूरभाष पर केंद्रीय रेल मंत्री जी व मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी से बातचीत हुई है जिस पर आगामी 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री लालकुआं पहुंचकर मुंबई के लिए संचालित होने वाली नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन से न सिर्फ बाहरी राज्यों से उत्तराखंड में पर्यटक आएगा और मुंबई में रहने वाले प्रवासी उत्तराखंडियो को भी फायदा मिलेगा।

# पेयजल योजना के कार्यों से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का काम हुआ शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अधिशासी अभियंता उत्तराखंड जल संस्थान ऊधम सिंह नगर तरूण शर्मा ने बताया कि चकरपुर मैं 'जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदी गयी सड़क की मरम्मत' के संबंध में अवगत कराया कि इस शाखा द्वारा विकासखंड बाजपुर के अंतर्गत राजस्व ग्राम चकरपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत पाईपलाइन कार्य पूर्ण कर जल संयोजन का कार्य एवं पाईप लाइन टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। योजना



अंतर्गत संबंधित सहायक अभियंता/ अपर सहायक अभियंता द्वारा क्षतिग्रस्त रोड़ की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर अपनी देखरेख में कराया जा रहा है।

# एनडी तिवारी को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विकास पुरूष पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 पं0 नारायण दत्त तिवारी जी की जयंती एवं पुण्यतिथि पर सिडकुल चौक पर स्थापित मूर्ति पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।जिलाधिकारी ने कहा कि सिडकुल की स्थापना पूर्व मुख्यमंत्री पं0 नारायण दत्त के मार्गदर्शन



में की गयी है। इसलिए सरकार द्वारा सिडकुल चौक पर उनकी मूर्ति की स्थापना सरकार द्वारा की गयी है। आज उनके अनुयाइयों द्वारा मूर्ति पर श्रद्धां सुमन अर्पित किये जा रहे है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, विमला शर्मा, बीडी भट्ट, दान सिंह नयाल, नवीन खेतवाल, हरीश पनेरू, अनुज पाठक, एसके नैयर, पीसी शर्मा, लव कुश शर्मा, सुशील भट्ट, पंकज परगाई, भगवती पनेरू आदि मौजूद थे।

# सभी आंतरिक मार्गों को अभियान चलाकर गढ्ढा मुक्त करें : डीएम

## दीपावली से पूर्व अभियान चलाकर सफाई कराई जाए स्वयं अधिकारी सड़कों में जाकर निरीक्षण करें

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।हल्द्वानी नगर निगम के अंतर्गत सभी आंतरिक सड़क मार्गों को अभियान चलाकर गढ्ढामुक्त किया जाय तथा नगर के सभी सड़क मार्गों में दीपावली से पूर्व एक विशेष अभियान चलाकर सभी सड़कों और नालियों की सफाई कराई जाय। कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी वंदना ने लोनिवि,नगर निगम पेयजल निगम एचपीएसीएल,जल संस्थान, एडीबी,तथा जल निगम के अधिकारियों के साथ हल्द्वानी नगर अंतर्गत सड़क मार्गों को गढ्ढामुक्त किए जाने में विभिन्न एजेंसियों के द्वारा कराए जा रहे पेयजल सीवर आदि कार्यों के कारण आ रही समस्याओं के विषय में समीक्षा की और सभी एजेंसी को समन्वय से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी नगर में विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कार्य, गैस लाइन निर्माण, पेयजल लाइन निर्माण, सड़क चौड़ीकरण कार्य, चौराहों को विकसित करने सहित अन्य कार्यों को करने से विभिन्न स्थानों में सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त होने के साथ हो सड़कों में गढ्ढे हुए हैं। जिस कारण आम नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस हेतु विभागों की पूर्ण जिम्मेदारी है कि आम नागरिकों को बेहतर सड़कें व गढ्ढामुक्त सड़क मिले। सड़कों में जहाँ जहाँ गढ्ढे हो गए हैं उन्हें तत्काल विभाग अब दूरस्त रखें, ताकि सड़कों में यात्रा के दौरान लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। डीएम ने विभागवार समीक्षा करते हुए हल्द्वानी नगर अंतर्गत नगर निगम द्वारा प्रस्तावित 200 किलोमीटर सड़क मार्ग में किए जाने वाले सड़क सुधारीकरण कार्य के टेंडर की अपडेट ली और टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर किसी भी स्थिति में 5 नवंबर से कार्य प्रारंभ करने के नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटे छोटे जो भी कार्य हों, उन्हें नगर निगम अपने वित्तीय श्रोतों से कराएं। बैठक में अवगत कराया कि हल्द्वानी नगर क्षेत्रान्तर्गत एचपीसीएल द्वारा 97 किलोमीटर में गैस लाइन बिछाने का कार्य कराया गया।जिसकी मरम्मत हेतु नगर निगम को धनराशि उपलब्ध कराई गई।उक्त क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों में नगर निगम ने सड़क सुदृढ़ीकरण के कार्य कराए हैं। जिस संबंध में जिलाधिकारी ने इन सभी कार्यों की एक सप्ताह



के भीतर स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश उपजिलाधिकारी तुषार सैनी को दिए। उन्होंने कहा कि वह दो पहिया वाहन से जाकर सभी स्थानों का निरीक्षण करें।उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी जाकर इन स्थानों का निरीक्षण करेंगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में नगर क्षेत्रान्तर्गत एडीबी परियोजना अंतर्गत पेयजल लाइन निर्माण के कार्य के संबंध में संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि उक्त कार्य हेतु 105 किलोमीटर आंतरिक सड़क खोदी गई।बजिसकी मरम्मत, सुधारीकरण का कार्य गतिमान है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि जितनी सड़क एक दिन में खोदी जाती है दूसरे दिन उसमें पाईप लाइन बिछाकर तीसरे दिन उसे समतल कराया जाय। ताकि स्थाई निर्माण तक आम नागरिकों को समस्या नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।जिलाधिकारी ने लोनिवि के द्वारा इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि आम जनता को गढ्ढामुक्त सड़क मिले यह विभाग की जिम्मेदारी है उसके अनुरूप वह कार्य करे।बैठक में जिलाधिकारी ने पेयजल निगम तथा जल संस्थान द्वारा सड़क कटिंग कर बिछाई जा रही पेयजल लाइन निर्माण के संबंध में समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य करने के तत्काल बाद सड़क की मरम्मत कर उसे समतल कर पूर्व की भांति सही कराई जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि नगर की प्रत्येक सड़क सही वह गड्ढा मुक्त हो इसकी जिम्मेदारी लोनिवि व नगर निगम की है। जिन सड़कों में मरम्मत व पैच वर्क आदि के कार्य होने हैं दीपावली से पूर्व करा लें। सड़क मार्ग में एक विशेष अभियान चलाकर सफाई कराई जाए स्वयं अधिकारी सड़कों में जाकर निरीक्षण करें। जहां-जहां सड़कों में गढ्ढे हुए हैं या सड़क क्षतिग्रस्त हुई है उसे तुरंत ठीक कर ली जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन सड़कों के नवीनीकरण के प्रस्ताव भेजे जाने हैं वह शीघ्र ही भेजें। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों ने लिया संकल्प नही लगायेगें ग्रीष्मकालीन धान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में कृषकों, किसान संगठनों के पदाधिकारियों एवं एथनॉल कम्पनियों के प्रतिनिधियों तथा वैज्ञानिकों के साथ ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का की फसल को प्रोत्साहित करने हेतु गहन चर्चा की। उन्होंने किसानों से कहा कि जनपद में एथनॉल प्लांट लगाये जा रहे है, कम्पनी द्वारा किसानों का शतप्रतिशत मक्का एमएसपी पर खरीद की जायेगी तथा कृषकों का मक्का 14 प्रतिशत नमी पर एथनॉल उत्पादन फर्म द्वारा क्रय किया जायेगा। इसके लिए कम्पनी द्वारा किसानों व विभाग से अनुबंध किया जायेगा। बैठक में किसानों व किसान संगठनों ने गर्मी का धान न बोने पर सहमति जताते हुए इसके स्थान पर मक्का, गन्ना व अन्य वैकल्पिक फसल बोने की शपथ भी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान मक्का, गन्ना की ओर बढ़े इसके लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। उन्होने कहा कि विगत चार माह से किसानों व किसान संगठनों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श हो चुका है तब हम आज यहॉ पहुंचे है। उन्होने कहा कि प्रत्येक किसान का शतप्रतिशत गन्ना व मक्का की खरीद होगी तथा समय पर भुगतान भी होगा। उन्होने कहा कि चीनी मिलों को भी अपग्रेड किया है, किसानों द्वारा जितना गन्ना पैदा किया जायेगा सभी गन्ना चीनी मिलें खरीदेगीं तथा शीघ्र भुगतान किया जायेगा। उन्होने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान लगाने से भू-जल भी गिर रहा व पर्यावरण पर भी प्रभाव पड़ता है, इसलिए सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें। उन्होने कहा ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का को बढ़ावा देकर आय भी बढ़ाये इसमे लागत भी कम है।किसानों ने मक्का फसल की तुडाई/ कटाई हेतु कम्बाईन अनुदान पर देने के साथ ही मक्का बीज पर भी अनुदान देने की बात कही। जिस पर मुख्य कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मक्का फसल की कटाई हेतु कटर को प्रोत्साहित किया जायेगा। उन्होने विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि मक्का, गन्ना, लोबिया, मूंग,उरद फसलों को लिया जाए तो मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बढेगी साथ ही गिरते भूजल में भी सुधार होगा।उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह द्वारा गर्मी के धान के प्रतिकूल असर एवं मक्का एवं गन्ना उत्पादन में कृषकों हेतु दिये जा रहे सहयोग की जानकारी देते हुए गर्मी के धान न लगाने का संकल्प लेने को कहा। बैठक में प्रबंधक एथनॉल फर्म तुषर अग्रवाल ने भी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 अभय सक्सेना, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी विधि उपाध्याय सहित प्रगतिशील किसान व विभिन्न कृषि संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।




# दिल्ली पब्लिक स्कूल को मिला नंबर 1 स्कूल का खिताब

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।दिल्ली पब्लिक स्कूल गुरुग्राम में आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड पुरस्कार समारोह में नंबर 1 स्कूल घोषित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता, सर्वांगीण विकास और नवीन शिक्षण विधियों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग को देशभर में शैक्षिक संस्थानों का आकलन करने के लिए सर्वश्रेष्ठ मानक माना जाता है। डीपीएस रुद्रपुर की यह शीर्ष रैंकिंग शिक्षकों की गुणवत्ता, छात्र उपलब्धियां, बुनियादी ढांचे, अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों और नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रमाणितकरती है। डीपीएस रुद्रपुर में हम छात्रों को एक ऐसे वातावरण में पोषित करने के लिए समर्पित हैं, जो रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करता है। यह सम्मान हमारे अद्वितीय शिक्षकों, माता-पिता के अटूट समर्थन और छात्रों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। स्कूल के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ग्रोवर ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर डीपीएस रुद्रपुर परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं और सभी हितधारकों के समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।



# यातायात पुलिस कर्मी ने नगदी से भरा खोया बैग बुजुर्ग महिला को लौटाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यातायात पुलिस कर्मी रामनाथ ने बुजुर्ग महिला का नकदी से भरा खोया बैग बरामद कर उसे लौटाकर सराहनीय कार्य किया है। जानकारी के अनुसार सिटी कंट्रोल रूम हल्द्वानी द्वारा समस्त थाना चौकी और ट्रैफिक पॉइंट्स को अवगत कराया गया कि एक बुजुर्ग महिला भगवती जोशी, निवासी बरेली रोड पुरानी आईटीआई गौजाजाली सुबह अपना दांत दिखाने बेस हॉस्पिटल के लिए ऑटो से निकली थी। बुजुर्ग महिला जिस ऑटो में बैठकर आई उस ऑटो में इनका बैग छूट गया। उनके बैग में उनका पर्स था जिसमें 5000 रुपए नगद, फोन इत्यादि समान था। ऑटो में बैग छूटने की सूचना पर ट्रैफिक ड्यूटी में नियुक्त पुलिस कांस्टेबल रामनाथ गोस्वामी द्वारा तत्परता के साथ उक्त ऑटो की खोजबीन शुरू कर दी। काफी देर खोजबीन करने के बाद ऑटो से बुजुर्ग महिला के बैग को सकुशल बरामद कर लिया तथा बुजुर्ग महिला को उनका बैग सुपुर्द कर दिया गया।अपना खोया बैग पाकर बुजुर्ग महिला द्वारा पुलिस का आभार प्रकट किया गया।



# करवा चौथ को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कल 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सुहाग का प्रतीक करवा चौथ पर्व की रौनक बाजार में दिखनी शुरू हो गई है। महिलायें स्वयं को सजाने संवारने के लिए खूबसूरत लिवास व ज्वैलरी की खरीददारी कर रही हैं। बाजार में फलों व मेवों के साथ ही करवा मनिहारी गली, विधवानी मार्केट, मुख्य बाजार, काशीपुर बाईपास रोड़, ट्रांजिट कैम्प के बाजार, आवास विकास, सिंह कालोनी, आदर्श कालोनी सहित तमाम बाजार व मौहल्लों में हाथों में मेंहदी लगाने वालो कलाकारों ने अपने स्टॉल सजा लिए हैं।कल प्रात: सुहागिन महिलायें अपने पति की दीर्घायु लिए व्रत रखेंगी और





सुहागिन महिलायें अपने हाथों में आकर्षक मेंहदी रचाने के लिए बाजार पहुंचने लगी हैं। तो वहीं मिठाईयों की दुकानों पर करवा चौथ पूजा में उपयोग की जाने वाली मठरी व फेनी की बिक्री चौथ पूजा में उपयोग की जाने वाली की अन्य सामग्री की बिक्री में भी तेजी आने लगी है। आज और कल दो दिनों में ब्यूटी पार्लर की दुकानों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ेगी। विशेषकर आवासीय कालोनियों में स्थित मिठाई व श्रृंगार सामग्री बेचने वाली दुकानों, ब्यूटी पार्लर, कपड़ों के शो रूमों, ज्वैलरी शॉप आदि दुकानों में महिलाओं ने खरीददारी करनी शुरू कर दी है। मुख्य कल सायं करवा चौथ की पूजा अर्चना कर रात्रि में चन्द्रमा के उदय होने पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर पति के साथ ही सास ससुर से आर्शीवाद लेंगीं और अपने व्रत को समाप्त करेंगी।

# सिविल लाइन रोड चौड़ीकरण कार्य का विधायक ने किया शुभारम्भ

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने नगर निगम द्वारा सिविल लाइन से नैनीताल नेशनल हाइवे को जोड़ने वाली रोड चौड़ीकरण निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। कुछ दिनों पूर्व ही विधायक शिव अरोरा ने सिविल लाइन रोड का नगर आयुक्त व व्यापार मंडल पदाधिकारियों के साथ स्थालीय निरीक्षण किया था। उन्होंने विभाग को निर्देश दिये थे कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सिविल लाइन रोड पर विद्युत पोल शिफ्टिंग व ट्रांसफार्मर शिफ्ट कार्य को तेजी से करते हुए रोड निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाये। इसी के तहत विधायक शिव आरोरा ने डामरीकरण रोड के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान स्थानीय लोगो ने खुशी का इजहार करते हुए फूलमलाओं से विधायक का



स्वागत किया और मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि रोड चौड़ीकरण से जाम से निजात मिलेगी साथ ही आवागमन सुगम होगा। विधायक ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र मे विकास कार्य तेज गति से हों रहे है एक के बाद एक सालो से जर्जर पड़ी रोडों का निर्माण कार्य हों रहा है, निश्चित रूप से विकास कार्यों मे कमी नहीं आने देंगे जो कार्य नहीं हुए विधायक शिव अरोरा के कार्यकाल मे होंगे ऐसा विधायक ने भरोसा दिया। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, ईई सौरभ यादव, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव, जगदीश तनेजा, मनोज मदान, अनमोल विर्क, राजीव कामरा, राजेश कामरा, मयंक कक्कड़, सचिन मुंजाल,नीरज यादव मनमोहन सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

# करवाचौथ पर नहीं होगी विद्युत आपूर्ति बाधित: शिव

रुद्रपुर। विद्युत विभाग द्वारा आगामी 20 एवं 21 अक्टूबर को विद्युत आपूर्ति बाधित करने की घोषणा के उपरांत विधायक शिव अरोरा ने तत्काल विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने कहा कि 20 अक्टूबर को करवाचौथ का पर्व है। करवाचौथ जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर विद्युत आपूर्ति बाधित होना उचित नहीं होगा। विधायक ने विद्युत विभाग को स्पष्ट निर्देशित किया कि त्यौहार को देखते हुए ऐसी कोई भी कटौती नहीं होनी चाहिए विभाग के मेंटेनेंस कार्य आगे की तिथि में कर लिये जांये ।20 और 21 अक्टूबर को विद्युत व्यवस्था पूर्ण रूप से सुचारु हों। जिस पर सहमति जताते हुए अधीक्षक अभियंता ने विद्युत आपूर्ति बाधित न करने पर सहमति व्यक्त की। विधायक अरोरा ने कहाँ त्यौहार को देखते हुए विद्युत बाधित न हों अगर बहुत जरूरी है तो इसकी सूचना आमजन को होनी चाहिए, वही त्यौहार को देखते हुए व्यापारियों के लिये यह महत्वपूर्ण समय है ऐसे मे शत प्रतिशत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए, उन्होंने कहाँ विद्युत विभाग 24 घंटे एलर्ट मोर्ड मे कार्य करें विद्युत बाधित होने पर तुरंत उसको सुचारु करने का कार्य होना चाहिए।



# देवभूमि आईकॉन अवार्ड का आयोजन 25 अक्टूबर को

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। कुमाऊँ केसरी व उत्तराखंड टीवी द्वारा 25 अक्टूबर को रुद्रपुर के होटल वीनस में देवभूमि आइकॉन अवॉर्ड 2024 का आयोजन किया गया है। इसमें उत्तराखंड के लोकनृत्य छोलिया से रूबरू कराया जाएगा। जिससे देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए प्रतिभागियों को यहाँ की संस्कृति को जानने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के आयोजक प्रदीप फुटेला, भानु चुघ, रितु जोशी रश्मि भारती ने एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि समाजसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, खेल,व्यवसाय, मॉडलिंग समेत किसी भी क्षेत्र में महारत हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही रेम्प वाक व डांस भी होगा।कार्यक्रम में मशहूर सुपर मॉडल व एक्टर राजेश महाजन, पंजाबी पॉप सिंगर मोंटू मस्त, मिसेज इंडिया मॉडल व एक्ट्रेस परवीन खान, मिसेज उत्तर प्रदेश सिमरन कौर, मिसेज हिमाचल शिवानी कौशल, योग गुरू सोहित योगी, समेत कई मशहूर हस्तियां मौजूद रहेंगी। एंकर कीर्ति खड़का कार्यक्रम को होस्ट करेंगी। यहाँ बता दें कि उत्तराखंड सरकार की संस्कृति विभाग की टीम भी अपनी प्रस्तुति देगी। कुमाऊँ केसरी द्वारा इससे पूर्व भी कई सफल इवेंट दिल्ली, नोएडा, व रुद्रपुर में आयोजित करवाए जा चुके हैं। इस इवेंट का मकसद उन लोगों को एक मंच प्रदान करना है जिनमे प्रतिभा तो होती है लेकिन उन्हें अपनी कला को प्रदर्शित करने का मंच नही मिल पाता।



# तिवारी की जयंती और पुण्य तिथि पर कुष्ठ आश्रम में फल वितरित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और आंध्र प्रदेश के पूर्व गवर्नर विकास पुरुष पंडित नारायण तिवारी के जन्मदिन और उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुष्ठ रोगी आश्रम पहुंचकर उन्हें फल वितरित कर स्वर्गीय तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की, और उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया । इससे पूर्व श्रीमती शर्मा के नेतृत्व में दर्जनो कांग्रेस कार्यकर्ता किच्छा रोड स्थित कुष्ठ रोगी आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने रोगियों को फल वितरित किए। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा कि पंडित नारायण दत्त तिवारी ने विकास के नए आयाम स्थापित किए थे, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने दोनों ही प्रदेशों का तेजी से विकास किया, जिसे लोग आज भी याद करते हैं । इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार,महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की महानगर अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष सरोज रानी,महानगर कांग्रेस कमेटी अनु. जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, एनएसयूआई के महानगर अध्यक्ष योगेश पांडे, दिनेश मौर्य, मुरारी लाल, अरविंद सक्सेना,रविंद्र गुप्ता,देवी कोली,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# घुसपैठियों की नागरिकता

बांग्लादेश से आकर असम में पनाह पाए या फिर अवैध रूप से रह रहे लोगों की नागरिकता का सवाल लंबे समय से उलझा हुआ था। सर्वोच्च न्यायालय ने अब स्पष्ट कर दिया है कि ऐसे लोगों की नागरिकता तय करने के मकसद से संविधान में जोड़ी गई धारा 6ए पूरी तरह जायज है। दरअसल, केंद्र सरकार का कहना था कि यह धारा नागरिकता और भाषा–संस्कृति संबंधी संविधान की मूल भावना का उल्लंघन करती है।बांग्लादेश से आकर बसे लोगों की वजह से असम में जनसांख्यिकी संतुलन बिगड़ा है, वहां की भाषा और संस्कृति भी प्रभावित हुई है। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि ऐसे लोगों की वजह से वहां की भाषा और संस्कृति पर बुरा असर पड़ा है। किसी राज्य में विभिन्न जातीय समूहों की मौजूदगी का मतलब यह नहीं है कि संविधान के अनुच्छेद 29(1) के तहत भाषाई और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है। यानी अब 1 जनवरी, 1966 से पहले आए लोगों को स्वत: भारत का नागरिक मान लिया जाएगा और उसके बाद 24 मार्च, 1971 के बीच आए लोगों को नागरिकता के लिए पंजीकरण कराना होगा। उसके बाद आए लोगों को अवैध माना जाएगा और सरकार उन्हें वापस भेजने का प्रबंध करेगी। दरअसल, केंद्र सरकार राष्ट्रीय नागरिक पंजिका तैयार करना चाहती है। उसमें असम सरकार लगातार बांग्लादेश से आई मुसलिम आबादी का सवाल उठाती रही है। उसका कहना है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की वजह से राज्य के कई जिलों में उनकी आबादी बहुसंख्यक हो गई है। मगर उनकी पहचान करने में उसे कठिनाई पेश आती रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा था कि राज्य सरकार ऐसे नागरिकों की पहचान कर बताए कि कितने विदेशी नागरिक वहां रह रहे हैं और कितनों को वापस भेजा गया है। मगर सरकार उसका आंकड़ा पेश करने में विफल रही। बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला पुराना है, इसे लेकर वहां करीब छह वर्ष तक आंदोलन चला था। उसे शांत करने के मकसद से तत्कालीन केंद्र सरकार ने 1985 में बांग्लादेश सरकार और असम छात्र संगठन से बातचीत कर 6ए का प्रावधान किया था। बांग्लादेश सरकार अब भी भारत में अवैध रूप से रह रहे अपने नागरिकों को वापस लेने को तैयार है। मगर यह तभी संभव है, जब असम सरकार पारदर्शी तरीके से उनकी पहचान करे। देखना है, यह काम वह कैसे और कब तक कर पाती है।बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजने का मुद्दा इसलिए विवादास्पद हो गया था कि ठीक से पहचान किए बिना उन्हें पृथकता केंद्रों में भेजा जाने लगा। उनमें से कई ऐसे नागरिक भी बताए जाते हैं, जो भारतीय नागरिकता कानून के दायरे में आते हैं, मगर उनके पास पहचान के जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे नागरिकों को बांग्लादेश भेजने से उनके सामने नई दुश्वारियां पैदा हो सकती हैं। वहां जाकर उन्हें नागरिकता न मिली तो वे कहीं के नहीं रह जाएंगे। किसी संकट के समय मानवीय आधार पर दूसरे देश के नागरिकों को पनाह देना हर देश का धर्म है, पर किसी लोभ में अवैध तरीके से आकर लोग रहने लगें, तो उससे न केवल देश की बुनियादी सुविधाओं पर बोझ बढ़ता है, बल्कि सुरक्षा संबंधी चुनौतियां भी पेश आने लगती हैं। ऐसे में बांग्लादेशी घुसपैठियों को असम में रहने देने के पक्ष में शायद ही कोई हो, पर बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए उन्हें वापस भेजना भी उचित नहीं कहा जा सकता।

# करवाचौथ : अपने जीवन साथी के लिए निर्जल उपवास

वर्ष 2024 में 20 अक्टूबर, वैसे तो कैलेण्डर का एक साधारण सा ही दिन प्रतीत होता है लेकिन अभी से सुहागिन महिलाओं ने उसकी तैयारी शुरु कर दी है। वह दिन उत्तरी भारत की सुहागिनों के लिए बहुत बड़ा दिन है क्यों कि उस दिन करवाचौथ है। मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान में इसकी पूजा को महिलाएं एक ही नियम से करती है, जबकि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, कश्मीर की महिलाएं इस व्रत को दूसरे ढंग से मनाती है। पंजाब में करवा चौथ व्रत को महिलाएं बड़ी धूमधाम से मनाती है। आज के समय में करवाचौथ किसी पर्व से कम नहीं माना जाता है। ये औरतों खासकर शादी शुदा औरतों का ही त्योहार है। लेकिन अब वे कुंवारी लड़कियां जिनका रिश्ता तय हो गया है, वे भी यह उपवास करती हैं। इस दिन औरतें अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए पूरे दिन का उपवास करती हैं। औरतें शाम को चांद देखने के बाद ही अपना उपवास खोलती हैं। हालांकि यह एक जटिल उपवासों में से एक है लेकिन तब भी महिलाएं पूरे वर्ष इसका इंतजार करती हैं। नई शादीशुदा महिला के लिए तो यह बहुत ही खास होता है जब उन्हें सज धज कर फिर से दुल्हन बनने का मौका मिलता है। इस त्योहार के आने से एक महीने पहले ही इसकी तैयारी के लिए बाजार में चहल



पहल दिखने लगती है। इस समय साडियां, गहने, मेकअप, चूड़ी, बिंदी पार्लर वालों की सबसे अधिक बिक्री होती है। औरतों को अपने पति व अन्य रिश्तेदारों से कई प्रकार के तोहफे मिलते हैं। इस त्योहार के दिन दोस्त रिश्तेदार एक दूसरे के साथ मिठाइयां प्रसाद वगैरह बांटते हैं। इस त्योहार के दिन औरतों को अपने पूरे परिवार के साथ होने का मौका भी मिलता है। जिससे आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। यह कार्तिक के महीने में अक्सर अक्टूबर या नवंबर में ही मनाया जाता है। सूर्य उगने से पहले ही यह उपवास शुरु कर दिया जाता है। इस दिन औरतें निर्जला उपवास करती हैं और चाय पानी शाम को चांद देखने के बाद ही पीती हैं। इस व्रत से जुड़ी इतिहास की कहानियां हैं जिनसे यह व्रत जुड़ा हुआ है एक समय एक वीरवती थी। वह अपना पहला करवाचौथ करने के लिए अपने मायके आई। उसने पूरे दिन निर्जला उपवास किया। शाम को अपनी बहन को भूख व प्यास से व्याकुल देख कर उसके सात भाइयों ने आग जलाकर झूठा चांद दिखाते हुए उसे पूजा करने को कहा। वह मान गई और पूजा करके जैसे ही उसने पहला निवाला अपने मुंह में डाला। वैसे ही उसके पति की मौत का संदेश आ गया। वह रोती बिलखती रही। एक देवी प्रकट हुई और उसे चांद का सच बताया। फिर उन्होंने उसे दुबारा से उपवास रख उसे पूरा करने को कहा। रानी ने वैसे ही किया और उसके पति के प्राण वापस आ गए। पूरे विश्व में भारत ही ऐसी जगह है जहां औरतें अपने जीवनसाथी के लिए निर्जल उपवास करती हैं। वैसे बदलते हुए समय और धारणाओं ने करवाचौथ के मायनों को भी बदल दिया है। इसका भी व्यावसायिकरण हर साल बढ़ता जा रहा है। इन दिनों हल्वाइयों, मेहंदी वाले, चूड़ी वाले बहुत अधिक व्यस्त हो जाते हैं। उनकी बिक्री भी खूब होती है। इसलिए इन दिनों ये सब चीजों के दाम भी चार गुना बढ़ जाते हैं। इसके अलावा अब ब्यूटी पार्लर, रेस्तरां आदि भी इस समय में खूब कमाई करते हैं। रेस्तरां और होटलों में तो अभी से तैयारियां शुरु हो गई हैं। उस दिन के लिए खास मेन्यू व सजावट की जाती है। पूरा दिन का उपवास रखने के बाद दंपत्ति रेस्तरां में जाकर खाने का मजा उठाते हैं। और यह चलन अब बढ़ता ही जा रहा है। इस दिन कई होटल विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन करते हैं। जैसे तंबोला, डांस प्रतियोगिता आदि। इस प्रकार के आनंद के साथ करवाचौथ इतना खास और लोकप्रिय पहले कभी न था।

**–सोनी राय**

# केदारनाथ उपचुनाव के लिए शीशपाल बिष्ट ने ठोकी दावेदारी

देहरादून। केदारनाथ उपचुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय देहरादून में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। उन्होंने अपनी दावेदारी का प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की अनुपस्थिति में उनके निर्देश पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी और प्रदेश अध्यक्ष के सलाहकार सरदार अमरजीत सिंह को सौंपा है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने केदारनाथ उपचुनाव के लिए दावेदारी पेश की है। इस अवसर पर शीशपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी उन पर विश्वास व्यक्त करती है तो वो पार्टी को केदारनाथ विधानसभा में निश्चित तौर पर जीत दिलाने का काम करेंगे। क्योंकि लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक तौर पर केदारनाथ विधानसभा में उनकी सक्रियता है। शीशपाल बिष्ट ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरीके से पिछले 7 सालों में केदारनाथ विधानसभा की उपेक्षा की है उसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा। आज मुख्यमंत्री भले ही उपचुनाव को देखकर वहां ताबड़तोड़ घोषणाएं कर रहे हो लेकिन सरकार को पिछले 7 सालों से केदारनाथ में इन घोषणाओं की याद क्यों नहीं आई। पहले इतने मंत्रियों ने वहां का दौरा क्यों नहीं किया। जब केदारनाथ की



जनता आपदा से त्रस्त थी तो तब भी किसी मंत्री और भाजपा के किसी बड़े नेता ने लोगों की सुध नहीं ली। जब वहां स्थानीय लोगों का व्यापार चौपट हो रहा था जब हक हकूकधारी अपने हक की लड़ाई लड़ रहे थे, तब भाजपा क्यों सोई हुई थी। ये जनता भाजपा नेताओं से पूछ रही है मगर भाजपा के पास जनता के सवालों के कोई जवाब नहीं है।शीशपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि केदारनाथ की पढ़ी–लिखी जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाली है। वहां की जनता भाजपा के चुनावी लॉलीपॉप और छटपटाहट भली–भांति समझती है। केदारनाथ धाम में 280 किलो सोना पीतल में कैसे बदला उसका जवाब आज तक किसी को नहीं मिला। केदारनाथ धाम की प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ क्यों हुआ और अभी केदारनाथ धाम से दिल्ली ले जाई गई शिला वापस क्यों नहीं आई ? कई ज्वलंत सवाल है जिनके जवाब भाजपा को देने पड़ेंगे। प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव को कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर लड़ेगी। बद्रीनाथ व मंगलौर विधानसभा उप चुनाव का इतिहास केदारनाथ में दोहराया जाएगा।

# मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण के कार्य हेतु धनराशि हुई स्वीकृत

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग में टकोली से बगडवालधार मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण के कार्य हेतु 09 करोड़ 65 लाख 44 हजार, जनपद चमोला के विधानसभा क्षेत्र थराली के विकासखण्ड घाट में नंदप्रयाग –घाट– सुतोल–कनोल मोटर मार्ग सुधारीकरण एवं डामरीकरण के कार्य हेतु 06 करोड़ 41 लाख 86 हजार की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड पेयजल निगम में विभिन्न कार्यो हेतु 20 करोड़ की स्वीकृति भी प्रदान की है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद हरिद्वार में विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, रामनगर कॉलोनी, आर्यनगर कॉलोनी, ज्वालापुर में 208.13 लाख की धनराशि से सी.सी. मार्ग का निर्माण, विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार में शास्त्रीनगर, मौ0 एमपीएन, मौ0 कोटरवान, मौ0 अहबाबनगर, ज्वालापुर में 212.20 लाख की धनराशि से सी.सी. मार्ग का निर्माण तथा विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार में गोविन्दपुरी कॉलोनी में 101.60 लाख की धनराशि से सी.सी. मार्ग के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार जनपद हरिद्वार हेतु कुल 521.93 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

# गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने के लिए गांव में डाला डेरा

बागेश्वर(उद संवाददाता)।धरमघर वन रेंज क्षेत्र में सानिउडियार क्षेत्र के औलानी गांव में गुरूवार की सायं गुलदार का शिकार हुई ढाई साल की मासूम बालिका के शव का शुक्रवार की सुबहजिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। घटना के बाद गांव और क्षेत्र में आतंक का पर्याय बने गुलदार की दहशत बनी हुई है, लोगों में डर और गुलदार के भय का खौफ इतना है कि लोग अकेले में कही जाने से भी डरने लगे है, दिन ढलते ही लोग कमरों में कैद होने को मजबूर हो गए है, वहीं वन विभाग की टीम लगातार गाँव के आसपास संभावित क्षेत्र में गुलदार को जल्द पकड़ने की कोशिश में लगे हुए है, वन विभाग की चार अलग अलग टीमें क्षेत्र में गश्त कर रही है परंतु अब तक गुलदार नहीं दिखा है। डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने बताया कि क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है वहीं तीन ट्रेप कैमरे लगाने के साथ ही ट्रेंकुलाइज करने के लिए पशु चिकित्सक व टीम गश्त कर रही है। गुलदार के हमलावर होने के बाद क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। कांडा तहसील



क्षेत्र के औलानी गांव में ढाई साल की मासूम योगिता को शाम होने से पहले ही घात लगाकर बैठे गुलदार ने अचानक हवा के वेग की तरह पलक झपकते ही अपना निवाला बनाया था। जिसके बाद से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से गुलदार का आतंक बना हुआ था परंतु वन विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जिसकी परिणति मासूम की मौत है। इधर प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने बताया कि मृतका के परिजनों को नियमानुसार छह लाख का मुआवजा प्रदान किया गया है। क्षेत्र में लगातार वन विभाग की टीम पशु चिकित्सक के साथ गश्त कर रही है। वहीं गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने के लिए रामनगर से विशेषज्ञ हिमांशु खाती भी गाँव में पहुंच गए है, जहाँ उनके निर्देशन में उप प्रभागीय वनाधिकारी सुनील कुमार व वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कांडपाल के नेतृत्व में टीम लगातार गुलदार को रेस्क्यु करने, गुलदार को ट्रेक करने में जूटे हुए है, साथ ही बागेश्वर प्रभाग के रेंजर श्याम सिंह करायत सहित अन्य वन अधिकारी मोके पर गुलदार को पकड़ने में जुटे हुए है, शुक्रवार की सुबह से गुलदार के संभावित इलाकों में गश्त की परंतु उन्हें गुलदार नहीं दिखा।रेंजर प्रदीप कांडपाल ने बताया कि घटनास्थल के आसपास भी पिंजरा लगाया गया है, और लगातार संभावित स्थलों में निगरानी कर जल्द से गुलदार को पकड़ने की क्वायद की जा रही है, इधर ग्रामीणों ने बताया कि हमले के बाद से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

# पुलिस ने दो करोड़ की एमडीएमए ड्रग्स के साथ तस्कर दबोचा

हरिद्वार। लक्सर पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डक्ड। ड्रग्स की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बदा आरोपी तस्कर को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने डक्ड। ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ीपकड़ी गई ड्रग्स की कीमत है बताई जा रही दो करोड़दो साथियों को देने जा रहा था नशे की खेप उत्तराखंड पुलिस लगातार नशे की तस्करी की रोकथाम में जुटी हुई है। इसी कड़ी में लस्कर पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 199 ग्राम डक्ड। (चिट्टा) बरामद किया गया है। बता दें कि आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया गया है। मिली जानकारी



के अनुसार पुलिस सूत्रों के हवाले से खबर मिली थी कि इलाके में कोई बड़ी नशे की डील होने जा रही है। जिसके चलते पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोककर उसी तलाशी ली गई तो उसके पास बेहद घातक नशा 199 ग्राम चिट्टा (मिथाइलीनडाइऑक्सी मेथाफेटामिन) बरामद किया गया। इस ड्रग्स की कीमत दो करोड़ रूपए बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी नशे की खेप को लक्सर पुल के नीचे देने जा रहा था। इस नशे की खेप को लेने के लिए उसके दो साथी आने वाले थे। आरोपी की पहचान सरफराज पुत्र अब्दुल वहीद निवासी ग्राम कोटवाल आलमपुर थाना झबरेडा हरिद्वार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और उसके दो साथियों की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि इसे पार्टी ड्रग्स के नाम से जाना जाता है। मिथाइलीन डाइऑक्सी मेथैमफेटामाइन (डक्ड।) को और भी कई नामों से भी जाना जाता है। इस ड्रग को सूंघने के साथ ही पानी में मिलाकर भी लिया जाता है। बता करें इसकी कीमत की तो नशे के बाजार में इस ड्रग्स के एक ग्राम ड्रग की कीमत एक हजार से 15000 रुपए तक है।

# अंताक्षरी में जीता गोल्ड मैडल

गरुड़(उद संवाददाता)। राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय पिंगलों के बच्चों ने प्रदेश स्तरीय अंताक्षरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल जीता है। इसके अलावा मानचित्र प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मैडल पर कब्जा किया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर अभिभावकों व क्षेत्र में खुशी की लहर है। राआप्रावि पिंगलों के बच्चे प्रतिवर्ष विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदेश में अपना स्थान बनाए हुए हैं। इसके अलावा छात्रवृत्ति समेत अन्य विभागीय परीक्षाओं



में भी बच्चों का चयन होते आया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर सीईओ जीएस सौन, बीईओ कमलेश्वरी मेहता, प्रधानाध्यापिका नीता अल्मिया, बीआरपी भुवन भट्ट, शिक्षाविद नंदन सिंह अल्मिया, गिरीश चंद्र सिंह नेगी, उमेश जोशी,डा.हरेंद्र रावल, देवेंद्र मेहता,नवीन मिश्रा,सुंदर नेगी,जीवन सिंह दोसाद, कैलाश चंद्र जोशी,नीरज पंत,विशन गिरी,मोहन जोशी आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए बच्चों व विद्यालय को बधाई दी है।

# एसएसपी के चौखट से भी बैरंग लौटी धर्मवती

## नहीं मिला इंसाफ, परिवार को सता रहा जान का खतरा

**मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। कुंडेश्वरी निवासी 22 वर्षीय विकास नामक जिस युवक की पखवाड़े भर पूर्व कथित तौर पर तालाब किनारे लगे करंट की चपेट में आने से मौत हुई थी उसकी मां धर्मवती इंसाफ की खातिर आज भी दर-बदर भटक रही है। शुक्रवार शाम न्याय की गुहार लगाने वह अपने दो अन्य बेटों के साथ परगना मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंची। इस दौरान जब प्रतिनिधि ने बेटे के मौत प्रकरण में अपडेट लेना चाहा तो वह फफक कर रोने लगी। उसने बताया कि जवान बेटे की असमय हुई मौत के बाद वह लगातार एक हफ्ते तक कुंडेश्वरी चौकी के चक्कर लगाती रही लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इस बीच प्रतिबंधित मांगुर मछली पालने वाले मुख्य आरोपी ने किसी व्यक्ति के माध्यम से उसे मुंह बंद करने के एवज में 50 हजार रूपयों का ऑफर दिया।



पेशकश ठुकराने पर मजदूर परिवार की मानो सामत सी आ गई। आरोप है कि पीड़ित परिवार को अपरोक्ष रूप से लगातार धमकाया जा रहा है। धर्मवती ने बताया कि 7 अक्टूबर को वह न्याय की गुहार लगाने रुद्रपुर स्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची थी लेकिन एसएसपी चंद्रमणि मिश्रा से उसकी मुलाकात नहीं हो सकी। समाचार पत्र के प्रतिनिधि से बातचीत कर हुए उसके चेहरे पर दहशत के भाव साफ देखे जा रहे थे। उसने साफ कहा कि बेटे की मौत का सौदा वह कदापि नहीं करेगी। चर्चा है कि इस मामले में एक बेकसूर को जेल भेजकर पुलिस ने कार्यवाही की औपचारिकता पूरी कर दी जबकि मुख्य आरोपी अभी भी खुली हवा में घूम रहा है।

### उच्च स्तरीय जांच में खुल सकता है दोहरे मौत का राज

काशीपुर। बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मुंह में गया विकास नामक युवक हलवाई का काम करता था। इसी से घर का खर्च चलता था। विकास की मौत के बाद परिवार के सामने रोजी-रोटी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। मृतक की मां धर्मवती के सवालों का जवाब शायद पुलिस के पास भी नहीं है। उसका कहना है कि घटना वाले दिन मोहल्ले के लड़कों के साथ उसका बेटा विकास मांगुर के तालाब की ओर गया था। फिर अचानक वहां ऐसा क्या हुआ कि उसके पुत्र की लाश कुछ दूरी पर पेड़ से लटकी पाई गई जबकि एक अन्य तालाब किनारे मृत पड़ा मिला। उसने बताया कि परिवार में सब कुछ सामान्य था ऐसे में उसका जवान बेटा आखिर पेड़ से लटक कर कैसे आत्महत्या कर सकता है। माना जा रहा है कि पूरे प्रकरण की यदि उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो हकीकत चौंकाने वाले हो सकते हैं।

# शिक्षक पंकज राय को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरुष्कार

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। जिले के रुद्रपुर स्थित ट्रांजिट कैंप मे आयोजित दुर्गा पूजा के कार्यक्रम मे बांग्ला जात्रा गान नाटक का आयोजन किया गया,जिसमे शक्तिफार्म की नाटक मंडली द्वारा जय संतोषी माँ बांगला जात्रा का मंचन किया गया,जिसमें शिक्षक पंकज राय ने सत्यदेव शर्मा की भूमिका



अदा की,उनके जीवंत अभिनय को देखकर सिर्फ दर्शक ही नही कमेटी के पदाधिकारी भी प्रसन्न हुये। जात्रा समाप्ति के उपरांत निर्णायको ने सयुक्त रूप से पंकज राय को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब दे कर सम्मानित किया। पंकज राय पिछले 45 वर्षो से रामलीला मे श्रवण कुमार का अभिनय करते है।

# जिला अस्पताल और खेल मैदान का निर्माण कराएं विभाग: डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता)। लम्बे समय से खोली में चयनित जिला अस्पताल के बनने कि राह देख रहे जिलेवासियों को अब जल्द जिला अस्पताल बनने कि आशा जगने लगी है,,डीएम आशीष भटगाई ने जिला अस्पताल को शीघ्र बनाए जाने के लिए चयनित निर्माणाधीन स्थल खोली पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया, खोली में जल्द जिला अस्पताल के निर्माण,के साथ ही खेल प्रेमियों के लिए स्वीकृत खेल मैदान हेतु चयनित भूमि के बारे में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। डीएम ने निर्माणाधीन स्थल का विस्तृत नक्शा देखकर बारीकी से तकनीकी पहलुओं पर अधिकारियों से जानकारी लेते हुए शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए टेंडर जारी करने के निर्देश दिए। वहीं निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुमार आदित्य तिवारी ने जिलाधिकारी को



जानकारी देते हुए बताया कि खोली में स्वीकृत भूमि में निर्माणकार्य शुरू करने के लिए सभी औपचारिकताए पूर्ण कर ली गई है, जिसमें जिला अस्पताल के लिए दो सौ बैड(200) और 50 बैड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) का निर्माण कार्य होना है।इसके लिए कार्यदाई संस्था ब्रिडकुल द्वारा निर्माण कार्य के लिए अंतिम डीपीआर बनाकर तैयार कर लिया गया है, निर्माणकार्य जल्द शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे है, वहीं डीएम ने उपजिलाधिकारी मोनिका से निर्माणस्थल के पास चयनित भूमि के लिए भूमि अधिग्रहण संबंधी सभी प्रक्रिया करने कि जानकारी ली,जिसके बाद डीएम ने निर्माणाधीन स्थल का नक्शा देखा और विभागीय इंजीनियर से तकनीकी जानकारी ली। डीएम ने कार्यदाई संस्था को जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। ऐसे में अब नवंबर माह में जिला अस्पताल और खेल मैदान बनने कि चाह देखने वालों के लिए जल्द खुशखबरी मिलने कि उम्मीद है। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मोनिका, तहसीलदार दलीप सिंह क्रीड़ा विभाग के अधिकारी, और कार्यदाई संस्था ब्रिडकुल के अभियंता, राजस्व उपनिरीक्षक आदि मौजूद थे।

# निवर्तमान सभासद कार्तिक का निधन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।नगर के वार्ड नम्बर 1 के निवर्तमान सभासद कार्तिक सुतार के आकस्मिक निधन से क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी। कार्तिक सुतार कुछ दिनों से अस्वस्थ थे,गुरुबार को सुबह तबियत बिगड़ता देख परिजनों ने उपचार के लिए निजी चिकित्सालय सितारगंज ले गये,जहाँ डॉक्टरो ने जाँच के उपरांत हायर सेंटर रेफर किया, तमाम प्रयन्त के उपरांत भी जीवन नही बच सका। कार्तिक के मृत्यु की खबर मिलते ही क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।शोक व्यक्त करने वालो मे निवर्तमान



चेयरमैन सुनील विश्वास,सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, अशोक मण्डल,विश्वजीत हालदार,गोविंद पोखरिया,विक्रम सिंह भंडारी,जगदीश सिंह,मनोज सुतार,खोकन हालदार,देवशीष पोद्दार,उपेन्दर सिंह,रवि मजूमदार,गोविंद सरकार आदि है।

# बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे ,तमंचा बरामद

काशीपुर। आईटीआई पुलिस ने गश्त के दौरान चौती मंदिर के पास से संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए एक युवक को दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश ने अपना नाम कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गंजी निवासी प्रिंस कश्यप पुत्र बिजेंद्र सिंह बताया। पूछताछ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय को समक्ष पेश कर दिया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 पुलिस अधिकारी कर्मचारी हुए सम्मानित

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में मित्र पुलिस के तौर पर अपने ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस 14पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को एसपी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया, इस दौरान एलआईयू में कार्यरत अपर उपनिरीक्षक रमेश राम को अपने कार्यकाल में ईमानदारी से निष्ठा पूर्वक कार्य करने, कोविड काल में विशिष्ट कार्य करने, अपनी ड्यूटी में समय से उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों का पालन करने हेतु उन्हें उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया, साथ हीअपर उपनिरीक्षक अशोक रावत, ट्रेफिक पुलिस कर्मी राजेश जोशी,एसओजी में तैनात कांस्टेबल रमेश सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।वहीं एसपी सी आर घोड़के ने सभी पुलिस अधिकारी कर्मियों को निष्ठा पूर्वक मित्र पूर्वक के लिए उत्कृष्ट कार्य कार्य करने कि अपील की।



# कैंपस निदेशक से मिले अभाविप कार्यकर्ता

बागेश्वर(उद संवाददाता)।अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अभाविप कार्यकर्ता कैंपस निदेशक से मिले और ज्ञापन सौंपा, और जल्द मांग पत्र पर लिखी समस्या के समाधान की मांग की है। प्रांत सह मंत्री सौरभ जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता शुक्रवार को बीडी पांडेय कैंपस में पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। सभा के बाद कैंपस निदेशक प्रो. जीसी साह को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों का कहना है कि कई महीने पहले उन्होंने बीएस प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश छात्र के 12वीं के अंकपत्र को फर्जी बताया था। इसकी जांच की मांग की थी, लेकिन आज तक इसकी जांच नहीं हो पाई है। इसके अलावा चुनाव की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है। इसके बावजूद कैंपस में बैनर आदि लगने लगे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही छात्रों का कहना है कि गत दिनों कैंपस में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हुआ। इसमें भ्रामकता से भरे पर्चे बांटे गए। उन्होंने कैंपस प्रशासन से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। इस मौके पर जिला संयोजक बबलू मेहरा, विक्रम दानू, करन, सुमित, रोहित, मेघा, प्राची, उमेश मेहता, उमेश शाही व दीपक दानू आदि शामिल थे।

## पेज एक का शेष...

**चोरी और लूट की....**मनोहर चंद्र उप निरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी, मनोज सिंह धोनी, दीपक चौहान, कांस्टेबल सुमित कुमार, त्रिलोक चंद्र व मनोज बोरा को साथ लेकर केवीआर हॉस्पिटल के समीप अंडरपास के नजदीक आने-जाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दिया कि चोरों का एक शातिर गैंग प्रकाश पाइप नामक फैक्ट्री की चहारदीवारी के समीप बैठकर किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इसी सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम तत्काल मौके की ओर रवाना हो गई। बताएं स्थान पर पहुंचकर पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए तीन बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में तीनों ने अपना नाम ग्राम हरियावाला थाना कुंडा निवासी भुवनेश उर्फ गट्टू पुत्र बबलू सिंह, ग्राम बंकावाला, तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी विनीत पुत्र रामकरन तथा तीसरे ने ग्राम गंगापुर थाना कुंडा निवासी नन्हे पुत्र चोखे सिंह बताया। जामा तलाशी में पुलिस को गट्टू की जेब से एक अवैध तमंचा तथा कारतूस मिला जबकि उसके दोनों साथियों के कब्जे से पुलिस ने रमुपुरिया चाकू बरामद किए। तलाशी के दौरान पुलिस को तीनों की जेब से अलग-अलग स्थानों पर की गई चोरी व छिनैती के 18 हजार रुपए भी बरामद हुए। पुलिस की कड़ी पूछताछ में तीनों ने पिछले दिनों पवार रिजॉर्ट के समीप एक महिला से हुई छिनैती की घटना को कबूल किया। पूछताछ में उन्होंने यह भी बताया कि कुछ समय पूर्व ग्राम गंगापुर में एक घर से उन्होंने 90 हजार रूपयों की सनसनी खेज चोरी को अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार तीनों बदमाशों से आवश्यक जानकारी जुटाना के बाद उन्हें जेल रवाना कर दिया। उधर विभाग के उच्चधिकारियों ने पुलिस टीम की इस सफलता पर पीठ थपथपाई।


**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम विक्रम जीत घोष (VIKRAM JEET GHOSH)था। अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके विक्रम घोष (VIKRAM GHOSH) रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे विक्रम घोष (VIKRAM GHOSH)के नाम से ही लिखित व मौखिक रूप से जाना व पहचाना जाये।

**विक्रम घोष पुत्र श्री रंजीत घोष निवासी ग्राम मकरन्दपुर, पोस्ट नारायणपुर दोहरिया, तहसील गदरपुर जिला उधमसिंहनगर**


**किच्छा में चौकीदार...**जब कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेने के साथ ही घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया चौकीदार के मुंह पर तेज धारदार हथियार के निशान दिखाई दिये। पुलिस भी प्रथम दृष्टा मामले को हत्या का मान रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है तथा मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

**विरोध के बाद जागा...**पड़े। ऐसे में दिनभर की विद्युत कटौती मातृशक्ति के लिए किसी मानसिक प्रताड़ना से कम नहीं होती। बिजली महकमे ने करवा चौथ के त्योहार को नजरअंदाज करते हुए इस दिन विद्युत कटौती का ऐलान करके अपनी संवेदनहीनता का परिचय एक बार फिर दे दिया। जिसके खिलाफ व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने विरोध जताते हुए विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी का घेराव किया। व्यापारी नेताओं ने अधीक्षण अभियंता से 20 और 21 अक्टूबर को घोषित विद्युत बंदी वापस लेने की मांग की। वहीं मामले को लेकर विधायक शिव अरोरा ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन पर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने अधिकारियों से करवाचौथ पर विद्युत कटौती का निर्णय वापस लेने को कहा। जिसके बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने अपना फैसला वापस ले लिया। अब करवाचौथ के बजाय किसी और दिन मेंटीनेंस का काम होगा।

**निदेशक ने लिया...**पुष्कर सिंह धामी द्वारा किच्छा के खुरपिया क्षेत्र में ऋषिकेश एम्स सैटेलाइट के निर्माण कराए जाने से क्षेत्र की जनता अति प्रसन्न है हम सभी पार्टी कार्यकर्ता दोनों नेताओं का दिल से आभार व्यक्त करते हैं तथा आगे भी उम्मीद करते हैं कि क्षेत्र में खाली पड़ी भूमि पर शैक्षणिक हव बनाने के लिए भी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड की जनता को आईआईटी जैसे इंजीनियरिंग कॉलेज की अति आवश्यकता है।इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपक पाठक अजय तिवारी सचिन चावला सुरेश पपनेजा, डॉक्टर संतोष सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद थे।

**नानकमत्ता में फिर...**हमलावर तेंदुआ घटनास्थल के पास दिखाई देने से आसपास के गांव के लोग दहशत में आ गए। वन विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में तेंदुए के घूमने की सूचना दी गई, जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। महेंद्र सिंह रेकूनी ने बताया कि वन विभाग ने तीन पिंजरे मंगवा लिए हैं, जिनको घटनास्थल के आसपास लगाया जा रहा है, जिससे कि हमलावर तेंदुआ के पिंजरे में कैद हो सके। वन विभाग के अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों से तेंदुए को आदमखोर घोषित करने के लिए भी पत्राचार किया है। फिलहाल आबादी क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीण क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

**बीस साल से फरार...**आरोपी उदय उर्फ विक्रांत फरार था। इस डकैती के दौरान बदमाशों ने लगभग 9.61 लाख रुपये लूटे थे। घटना के कुछ समय बाद पुलिस मुठभेड़ में गिरोह का सरगना टीपू यादव मारा गया था,जबकि उदय तब से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी की तलाश में लगातार कोशिशें कीं, लेकिन वह देश के विभिन्न राज्यों में अपनी पहचान छुपाकर भागता रहा। एसटीएफ की टीम ने उपनिरीक्षक विद्या दत्त जोशी के नेतृत्व में तमिलनाडु के वेल्लोर जिले में दबिश दी और अथक प्रयासों के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**पोस्टमार्टम हाउस..**गए। जिसके बाद पोस्टमार्टम करने हेतु 1500 रुपए की मांग की। डाक्टर अनुपस्थित बताया। काफी अनुरोध पर भी नहीं माने तो 1500 रुपए दिये। जिस पर 15 अक्तूबर को डाक्टर द्वारा विनीत का पोस्टमार्टम किया गया। रामअवतार ने रिश्वत लेने वालों के विरुद्ध कार्यवाही कर रिश्वत की दी धनराशि वापस दिलाने की मांग की।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# गुलदार के हमले में मृतक बालक के परिजनों से मिले वन संरक्षक

## मृतक के पिता को सौपा दो लाख का चेक,चार लाख की और मदद करेगा वन विभाग

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। तराई पूर्वी वन विभाग के रंसाली रेंज के ग्राम बिचवा भूड़ में घर के आंगन में खेल रहे 11 वर्षीय बालक को गुलदारने निवाला बना लिया था। मृतक के परिवार वालों से 4 लाख की मदद जल्द देने का आश्वासन दिया। गुरुवार को रंसाली रेंज के अंतर्गत ग्राम विचवा भूड़ में कुलविंदर सिंह के पुत्र गुरप्रीत सिंह उम्र 11 वर्ष को घर के आंगन में खेलते समयगुलदार ने था कि आए दिन जंगली जानवर उनके घर के पालतू पशुओं पर हमला करने के साथी मानव पर भी हमला कर रहे हैं, ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए वन विभाग के वन संरक्षक डॉ विनय भार्गव ओर से दो लाख का चेक सौंपा, इसके साथ ही अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द चार लाख रूपये की और आर्थिक सहायता की जाएगी। वन संरक्षक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि





वन विभाग वन संरक्षक व पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा ने मुलाकात कर परिवार को सांत्वना देते हुए वन विभाग की ओर से दो लाख का चेक सौंपा और हमला कर दिया था,गुलदार के हमले में घायल गुरप्रीत सिंह की मौत हो गई थी, गुलदार के हमले में बालक की मृत्यु पर ग्रामीण आक्रोशित थे, ग्रामीणों का कहना ने आज क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर मृतक के पिता से मुलाकात की, मृतक के पिता को वन विभाग की ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए वन विभाग जल्द उपाय करेगा,इस मौके पर एसडीओ संतोष पंत, रंसाली के वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह रेकूनी समेत तमाम ग्रामीण मौजूद थे।

## गुलदार को ड्रोन कैमरे से ट्रेस कर तीन पिंजरा लगाने के दिए आदेश

नानकमत्ता। वन विभाग के वन संरक्षक ने आज रंसाली रेंज में पहुंचकर बालक पर हमला करने वाले घटनास्थल का जायजा लिया, साथ ही अधिकारियों को आदेश दिए की हमला करने वाले गुलदार को ड्रोन कैमरे से चिन्हित कर कल तक विभिन्न स्थानों पर तीन पिंजरे लगाने के आदेश दिए, उन्होंने कहा कि जल्द गुलदार को आदमखोर घोषित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाएगी, वन संरक्षक डॉक्टर विनय भार्गव ने कहा कि गांव वालों की सुरक्षा करना वन विभाग की जिम्मेदारी है,इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी व ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे। वहीं रंसाली वन क्षेत्र में गुलदार के हमले में बालक की मौत पर क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह राणा ने दुख जताते हुए घटनास्थल स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और जंगली जानवरों के ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी में न घुसने के लिए पर्याप्त साधन करने के निर्देश दिए, उन्होंने मृतक के परिवार वालों से भी मुलाकात की, साथी परिवार को विश्वास दिलाया कि जो मदद सरकार से होगी वह उन्हें यथासंभव मिलेंगी।



# लाखों की हैरोइन क्रिस्टल के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशा उन्मूलन अभियान के तहत गत दिवस एएनटीएफ ने चैकिंग के दौरान एक नशा



तस्कर को लाखों रूपये कीमत की हैरोइन क्रिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि जनपद में नशीले पदार्थो के तस्करो पर पुलिस बड़ी कार्यवाही कर रही है। उन्होंने बताया कि एएनटीएफ प्रभारी राजेश पाण्डे,एसआई कौशल भाकुनी, कां. भुवन पाण्डे और सन्तोष रावत गत दिवस किच्छा रोड़ पर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान तीन पानी पास स्कूटी सवार एक युवक पुलिस टीम कों देखकर वापस मुड़ने लगा। संदेह होने पर पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विश्वजीत मंडल उर्फ राहुल मंडल पुत्र साधन मंडल निवासी वार्ड नंबर-11 संजयनगर खेड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 97.7 ग्राम हैरोइन क्रिस्टल, व एक मोबाइल फोन बरामद हुए। उसने बताया कि वह यह हैरोइन क्रिस्टल दिनेशपुर रोड कालीनगर निवासी व्यक्ति से लाकर रुद्रपुर में नशे के आदी लोगों को महंगे दामों में बेचता है। पुलिस ने बरामद हैरोईन क्रिस्टल की कीमत करीब 30 लाख रूपये बताई है।

# कुमाऊं द्वार महोत्सव में बही लोक गीतों की बहार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं द्वार महोत्सव 2024 महोत्सव के चौथे दिन प्रथम चरण में लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने सुंदर प्रदर्शन कर जनता का मन मोह लिया। संचालक हेमंत बिष्ट ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मीना राणा व संजय कुमोला ने अपने सुप्रसिद्ध गीत जैसे कोटा का बताना चन्दना, म्यारा पहाड़ आए बलमा गीत बिजली जाम आदि गीत गाए ।साथी युवा दिलों की धड़कन इंदर आर्य ने गुलाबी सरारा , सांवरी सांवरी तेरो लहंगा मधुली हिट आदि गाने गाकर दर्शकों को खूब नचाया। पिथौरागढ़ से आए कैलाश कुमार ने खिड़की मां भैरोली न्योला रानी कमरे की खानी आदि गीतों से दर्शकों का मनोरंजन किया। नीरज चुफाल ने



अल्मोड़ा अंग्रेज आयो टैक्सीमा कलम सुरूर, हिट घना हल्द्वानी गाकर अपने फैंस को खूब नचाया और स्वर मय डांस ग्रुप ज्योति भट्ट के निर्देशन में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। सैफ्रन डांस ग्रुप डीडीहाट गिरीश चुफाल की झोडा चाचरी टीम ने परंपरागत गीतों का सुंदर प्रदर्शन किया। अतिथि में प्रहलाद सिंह मीणा पुलिस कप्तान और सोहन उनियाल रहे। आज समापन दिवस में नेपाल के सुप्रसिद्ध गायक चक्र बम, चंद्रप्रकाश कुमाऊनी गायक मैं जांछु कमाल श्वेता मेहरा, डांसर लोक गायक मनोज आर्या, इत्ती टनकपुर ढाई हाथे धमेली हेमलता भट्ट और हरीश भट्ट रहेंगे।